http://amritkalashtimes.com

अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 49

प्रयागराज मंगलवार 05 नवम्बर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रूपया

यूपी उपचुनाव की तारीख बदली

यूपी, पंजाब और केरल की 14 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की तारीख बदली, त्योहारों की वजह से लिया गया फैसला

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस, भाजपा, बसपा, RLD और अन्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के अनुरोध पर और कम मतदान की किसी भी संभावना को खारिज करने के लिए चुनाव आयोग ने तीन राज्यों केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 13 नवंबर से 20 नवंबर तक पुनर्निर्धारित किया है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल की 14 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की तारीख बदल दी गई है। इन सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, विभिन्न त्योहारों के कारण केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 13 नवंबर से 20 नवंबर को पुनर्निर्धारित कर दिया गया है। नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। इस वजह से लिया गया फैसला बताया गया कि कांग्रेस, भाजपा, बसपा, RLD और अन्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के अनुरोध पर और कम मतदान की किसी भी संभावना को खारिज करने के लिए चुनाव आयोग ने तीन राज्यों केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 13 नवंबर से 20 नवंबर तक पुनर्निर्धारित किया है। जानकारी के मुताबिक, प्रकाश पर्व और तुलसी विवाह जैसे पर्वों की वजह से चुनाव की तारीख बदल दी गई है। यहां-यहां बदली तारीखें जिन सीटों के उपचुनाव की तारीखों में बदलाव किया गया है, उनमें केरल की पलक्कड़ सीट शामिल है। इसके अलावा पंजाब की डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दरबाहा और बरनाला विधानसभा सीट पर चुनाव की तारीख बदल दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंडरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझगवां में मतदान की तारीख में बदलाव किया गया है।

झारखंड में अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री मोदी की हुंकार

जनता की पुकार एनडीए सरकार

> जेएमएम-कांग्रेस झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गई।
> पीएम मोदी

मोदी झारखंड में भ्रष्टाचार पर बोले, हेमंत का जिक्र नहीं: जेएमएम, राजद-कांग्रेस को परिवारवादी कहा, पर भाजपा ने 18 सीटों पर नेताओं के रिश्तेदारों को उतारा

भ्रष्टाचार, पेपरलीक से लेकर परिवारवाद और झूठे वादों तक, झारखंड में सोरेन सरकार पर जमकर बरसे पीएम मोदी

रांची,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री ने कहा कि JMM-कांग्रेस-RJD ने तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचा दिया है। ये तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा हैं, ये तीनों दल घुसपैठिया समर्थक हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट पाने के लिए ये इन घुसपैठियों को पूरे झारखंड में बसा रहे हैं। ये आपकी रोटी भी छीन रहे हैं, ये आपकी बेटी भी छीन रहे हैं और ये आपकी माटी को भी हड़प रहे हैं। झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य में हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सोमवार को झारखंड में दो रैलियां हैं। पहली रैली गढ़वा में हुई। गढ़वा में पीएम मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद को जमकर घेरा। उन्होंने भ्रष्टाचार, पेपरलीक से लेकर परिवारवाद और झूठे वादों तक, लगभग हर मुद्दों पर हेमंत सोरेन सरकार को खरी-खोटी सुनाई। झारखंड में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी अलायंस की सरकार को उखाड़कर कमल खिलाने को आतुर है झारखंड की जनता! आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाई। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है, हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनानी है। मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है, श्रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकारश। उन्होंने कहा कि इस समय छठ का उत्साह भी चारो तरफ दिख रहा है। मैं छठी मैया की उपासना करने वालों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहे हैं, जब पूरा देश श्विकसित भारतश के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

सपा महाराष्ट्र में वापस ले सकती है कुछ घोषित प्रत्याशी

लखनऊ,(एजेंसी)। सपा महाराष्ट्र का चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ ही लड़ना चाहती है। पार्टी ने अपने प्रत्याशी जरूर उतार दिए हैं लेकिन समझौता होने पर वह नाम वापस ले सकती है। यूपी के उपचुनाव और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा में गठबंधन नहीं हो सका। इधर महाराष्ट्र में भी सपा ने अपने प्रत्याशी उतार दिए। बावजूद इसके पार्टी अभी गठबंधन हो जाने की आशा में है। महाराष्ट्र के चुनाव में सपा को अब भी गठबंधन से जवाब का इंतजार है। जिन 10 सीटों पर सपा ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं, वहां नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 4 नवंबर है। अगर बात बनी तो सपा नेतृत्व कुछ प्रत्याशियों को मैदान से हटाने पर विचार कर सकती है। सपा ने महाराष्ट्र के पिछले विधानसभा चुनाव में दो सीटें जीती थीं। इस बार इन दोनों समेत कुल 10 सीटों पर अभी सपा प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। सपा के प्रत्याशी उतारने पर इन सीटों पर मुस्लिम के साथ वहां रह रहे यूपी के लोगों के मत बंट सकते हैं। इससे कम मार्जिन से जीत-हार तय होने पर गठबंधन के प्रत्याशियों को नुकसान हो सकता है। पार्टी के महाराष्ट्र इकाई से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, प्रयास यही है कि अगर गठबंधन के तहत उन्हें 3-4 सीटें देने पर भी सहमति बनी तो शेष सीटों पर पार्टी अपने प्रत्याशी वापस ले सकती है। अन्यथा की स्थिति में सपा इन सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

यूपी कैबिनेट बैठक

27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

अब पांच के बजाए 3 साल में हो सकेगा शिक्षकों का तबादला

लखनऊ,(एजेंसी)। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर निर्णय लिया गया। शिक्षक अब पांच वर्ष की न्यूनतम सेवा की जगह सिर्फ तीन साल बाद ही स्थानांतरण करवा सकेंगे। बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। बैठक में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में पैरावेट के लिए डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए भी नीति को मंजूरी मिल गई है। प्रदेश सरकार ने नई शीरा नीति को मंजूरी दे दी है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार की तरह देसी मदिरा के लिए 19 फीसद शीरा मुहैया कराया जाएगा। चीनी मिलों को 20 रुपए कुंतल विनियामक शुल्क देना होगा। लघु उद्योगों को भी शीरा मुहैया कराने की व्यवस्था है।इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी जलशक्ति विभाग मध्य गंगा नहर परियोजना के द्वितीय चरण पुनरीक्षण प्रस्ताव को मंजूरी संभल अमरोहा मुरादाबाद के 1850 ग्राम लाभान्वित होंगे ललितपुर में भौरट बांध परियोजना के द्वितीय पुनरीक्षित प्रस्ताव को मंजूरी केन बेतवा लिंक परियोजना हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति, बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा पशुपालन विभाग प्रदेश में पशु चिकित्सकों की कमी को पूरी करने के लिए पशुपालन पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा,सर्टिफिकेट कोर्स हेतु नीति तैयार करने के प्रस्ताव को मंजूरी। आबकारी विभाग शीरा नीति- उत्तर प्रदेश शीरा नीति 2024-25 के प्रस्ताव को मंजूरी, 1 नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 के शीरा वर्ष हेतु शीरा रिजर्वेशन को मंजूरी, 19: शीरा रिजर्वेशन स्वीकृति उच्च शिक्षा विभाग उत्तरप्रदेश उच्चतर शिक्षा विभाग हेतु नियमावली उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली 2024 को मंजूरी, महाविद्यालय में न्यूनतम तैनाती के 5 वर्ष को घटाकर 3 वर्ष किया गया। उत्तरप्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 में संशोधन को मंजूरी,अन्य प्रदेशों के शिक्षण संस्थाओं को प्रदेश में स्थापित होने का अवसर लखनऊ में अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर स्थापना हेतु तहसील सरोजिनी नगर में चकरौली परगना बिजनौर में 2.3239 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित कर उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव को मंजूरी FDI नीति में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी।

मोदी सरकार का एकमात्र लक्ष्य किसी भी तरह सत्ता में बने रहना है: प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रियंका गांधी ने कहा कि एनडीए शासन लोगों के लिए नहीं, बल्कि पीएम के कारोबारी दोस्तों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का एकमात्र एजेंडा किसी भी तरह से सत्ता में रहना है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश के हवाई अड्डों और बंदरगाहों को अपने कारोबारी दोस्तों को सौंप रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी शासन ने लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए विपक्षी नेता राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया और अन्य चौनलों के माध्यम से गांधी की छवि खराब करने के लिए भारी संसाधन खर्च किए। सरकार ने लोगों के अधिकारों के लिए खड़े होने के लिए उनसे लड़ाई लड़ी। हालांकि, वायनाड के लोगों ने उनके पीछे अपना समर्थन दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि एनडीए शासन लोगों के लिए नहीं, बल्कि पीएम के कारोबारी दोस्तों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का एकमात्र एजेंडा किसी भी तरह से सत्ता में रहना है। उनका ध्यान रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों की भलाई पर नहीं है। बाद में वायनाड उपचुनाव के लिए अपनी बहन और यूडीएफ उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक अभियान रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह बहन प्रियंका के साथ एक प्रचार रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी का नाम लेकर राजनीतिक भाषण नहीं देना चाहते थे क्योंकि हम सभी उनसे ऊब चुके हैं।

नदी में बिखरीं लाशें ही लाशें

अल्मोड़ा में दिल दहला देने वाला हादसा

अल्मोड़ा,(एजेंसी)। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मार्चुला के पास एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। घटनास्थल पर चीख पुकार मची है। जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के मार्चुला इलाके के पास सोमवार को यात्रियों से भरी बस नदी में गिर गई। बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची हैं। घटनास्थल पर बचाव अभियान चल रहा है। हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बस नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी। जैसे ही बस मार्चुला के पास पहुंची तो सारड बैंड के पास नदी में गिर गई। बस के नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग बस से छिटककर नीचे गिर गए। घायल लोगों ने ही जानकारी दूसरों तक पहुंचाई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य चलाया। घायलों को अस्पताल ले जाने का काम किया गया। बस सवार 36 यात्रियों की मौत हो गई। नदी में लाशों का ढेर लग गया। चारों ओर भयावह मंजर था। मुश्किल से बस के अंदर फंसे शवों को निकाला गया। शुरुआती जानकारी मिली है कि यूजर्स कम्पनी की बस है। बस 42 सीटर है। लेकिन 55 से अधिक यात्री बस में सवार थे। सड़क हादसे पर दुख जताते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि जनपद अल्मोड़ा के मार्चुला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। जिला प्रशासन को तेजी के साथ राहत एवं बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर स्थानीय प्रशासन एवं SDRF की टीमें घायलों को निकालकर उपचार के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने हेतु तेजी से कार्य कर रही हैं।

आर्थिक स्तर पर विफल मोदी देश को बरगला रहे हैं: खरगे

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि वह आंकड़ों का फर्जीवाड़ा करने में माहिर हैं, देश की अर्थव्यवस्था हर स्तर पर गिरी है, लेकिन इस विसफलता को लेकर वह देश की जनता को भरमा रहे हैं। श्री खरगे ने कहा, "श्री नरेन्द्र मोदी जी नकली आख्यान वास्तविक कल्याण का विकल्प नहीं हो सकते। आम नागरिकों का पैसा लूटकर जो आर्थिक उथल पुथल आपने पैदा की है, उससे त्यौहारी खुशी कम हुई, उच्च मुद्रास्फीति से असमानता बढ़ी, कम निवेश हुआ और स्थिरता से जूझ रही अर्थव्यवस्था का निरुत्साहित रही। आपकी सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग पर कमरतोड़ महंगाई थोपकर और बिना सोचे-समझे कराधान के माध्यम से उनकी बचत को खत्म करके उन्हें बड़ा झटका दे रही है।" उन्होंने कहा, "आपकी सरकार के जनविरोधी निर्विवाद पांच तथ्य हैं, जिनमें सबसे बड़ा मुद्दा महगाई है। खाद्य मुद्रास्फीति 9.2 प्रतिशत पर है। सब्जियों की मुद्रास्फीति अगस्त में 10.7 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 14 महीने के उच्चतम 36 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह सच है कि एफएमसीजी सेक्टर की मांग में भारी गिरावट देखी गई है, बिक्री में वृद्धि एक साल में 10.1 प्रतिशत से घटकर सिर्फ 2. 8 प्रतिशत रह गई है। वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट यह बताती है। एफएमसीजी कंपनियों ने मार्जिन में गिरावट की सूचना दी है और कहा है कि अगर कच्चे माल की लागत कंपनियों के लिए असहनीय हो गई, तो इससे कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।" कांग्रेस अध्यक्ष ने घरेलू बचत को लेकर भी सरकार पर हमला किया और कहा, "घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर आ गई है।

बेअंत हत्याकांड: बब्बर खालसा सदस्य राजोआना को नहीं मिली राहत

बेअंत हत्याकांड के दोषी की दया याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा- फैसला लें वरना हम विचार करेंगे

नई दिल्ली,(एजेंसी)। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने बलवंत सिंह राजोआना की याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से कहा कि अगर वे बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर विचार नहीं करते हैं तो हम करेंगे। बेअंत सिंह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री थे, साल 1995 में उनकी हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में बलवत सिंह राजोआना को दोषी ठहराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने क्या टिप्पणी की जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने बलवंत सिंह राजोआना की याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। याचिका में कहा गया है कि उसकी दया याचिका पर फैसला लेने में हुई बहुत देरी के कारण उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल देना चाहिए। 25 सितंबर को शीर्ष अदालत ने राजोआना की याचिका पर केंद्र, पंजाब सरकार और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन से जवाब मांगा था। राष्ट्रपति के पास लंबित है याचिका केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि राजोआना की दया याचिका राष्ट्रपति भवन में लंबित है, जिसके बाद पीठ ने उनसे कहा, शकिसी भी तरह से फैसला करें या हम इस पर (राजोआना की याचिका) विचार करेंगे।श दया याचिका पर फैसला होने तक राजोआना की रिहाई की मांग करते हुए राजोआना के वकील वरिष्ठ अधिक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि रजोआना 29 साल से लगातार हिरासत में है। रोहतगी ने कहा कि श्उनकी दया याचिका पिछले 12 साल से राष्ट्रपति भवन में लंबित है। कृपया उन्हें छह या तीन महीने के लिए रिहा कर दें। कम से कम उन्हें यह देखने दें कि बाहरी दुनिया कैसी दिखती है।

राजनयिकों की मांग

पिछले दिन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वक्तव्य में कहा है कि अब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की विश्व छवि के कारण विदेशी देशों में भी भारतीयों की मांग बढ़ गई है कि वे वहां के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनें । यूं भारत मूल के लोग बहुत से देशों में शीर्ष पदों पर हैं —— सिंगापुर, आयरलैण्ड, मॉरीशस, क्यूगयाना, दक्षिण–अफ्रीका, इंग्लैण्ड, फीजी, साउथ गुयाना आदि आदि । इंग्लैण्ड के अभी तक के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हिन्दू हैं । वहां दस डाउनिंग स्ट्रीट में राजकीय स्तर पर दिवाली मनाई गई । यूं उनके माता–पिता भारतीय हैं और उन्होंने एक बहुत अमीर भारतीय महिला से शादी की है । वे पूरी तरह से ब्रिटिश हैं खैर अब तो प्रधानमंत्री भी नहीं हैं । ऋषि सुनक कंजरवेटिव पार्टी से प्रधानमंत्री थे । चर्चिल भी उसी पार्टी के थे । अमेरिका में नवम्बर में राष्ट्रपति का चुनाव वहां डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस उम्मीदवार हैं । यूं उनके नाम का एक हिस्सा भारतीय है । उनके माता–पिता किसी अफ्रीकी देश से थे । कमला हैरिस पूरी तरह से अमरीकी हैं । उनके पति अमरीका के एक बड़े रईस हैं । वे यहूदी हैं । अमरीका में लगभग सारे यहूदी बहुत अमीर हैं वे इजराइल की आर्थिक मदद करते हैं । कमला हैरिस को प्रभावशाली सात राज्यों में बढ़त है जबकि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की केवल दो राज्यों में बढ़त है । बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी से केवल 35त्न समर्थन था, परन्तु कमला हैरिस को उनकी पार्टी के 80त्न का समर्थन है । जानकारों के अनुसार 19 अगस्त को होने वाले डेमोक्रेटिक अधिवेशन में कमला हैरिस को पहले से ही 3900 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है । अटलांटा में पिछले दिन कमला हैरिस ने बेहद जोशीला भाषण दिया था । कमला हैरिस को एंटीजोना, मिरीगन, नेवादा, विस्कोन्सिन, नॉर्थ कैरोलिना, पेंन्सिनवेनिया और कर्जिया में बहुत तगड़ा समर्थन? है । डोनाल्ड ट्रंप कमला हैरिस के पारिवारिक पृष्ठभूमि पर टिप्पणी करते हैं जिसे अमेरीकी पसंद नहीं करते । ट्रंप के अनुसार कमला हैरिसके पति यहूदी होकर भी यहूदियों का विरोध करते हैं । कमला हैरिस ने हाल में इजराइल को सलाह दी थी कि वह हमास से युद्ध बन्द करे । अमरीकी यहूदी कमला हैरिस के इस बयान से नाखुश हैं । असल में मोदी जी की विश्व लोकप्रियता निर्विवाद सत्य है । आज में सबसे बड़े विश्व नेता हैं । मोदी जी पूरी तरह से भारतीय हैं और भारत को विश्व गुरु बनाना ही उनकी प्राथमिकता है ।

आज का राशिफल

डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुला:आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिक: आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनु: आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकर: आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभ: आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीन: आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

आभूषणों को कुपात्रों की झोली में डालना बेवकूफी

पंकज शर्मा

पूरे एक दशक अकांडतांडव में रत रहने वाले टीवी–सूत्रधारों और अखघ्बारी–कलमकारों के परिस्थितिजन्य ताल–बदलू उपक्रम को उन का सच्चा ह्रदय परिवर्तन समझने वाले नासमझों को कोई समझाए कि सांसारिक लीलाएं इतनी बेलोच नहीं हुआ करती हैं कि आप उन पर ऐसे सरपट रपटने लगें।ज् जन्मजात अंधखोपडियों ने पूरे दस बरस कथन और लेखन के अक्षरविश्व में जैसा नग्न–धमाल मचाया, उसे ऐसे ही विस्मृत कर देना नादानी होगी।

दस साल से देश की छाती पर नरेंद्र भाई मोदी की नफरती–कार्यावली की मूंग हर रोज पूरे जोरशोर से दल रहे मीडिया–अनुचरों में से कुछ के सुर 2024 के लोकसभा चुनाव नतीजे आने के बाद से बदलने क्या शुरू हुए, मैं देख रहा हूं कि, बहुत–से जनोन्मुखी पुरोधा बड़ी अभिभूत–मुद्रा में थिरक रहे हैं। इन भावुक–मूर्खों को केंचुल–रूपांतर का उत्सव मनाते देख मैं तो भौचक हूं। पूरे एक दशक अकांडतांडव में रत रहने वाले टीवी–सूत्रध्ाारों और अखघ्बारी–कघ्लमकारों के परिस्थितिजन्य ताल–बदलू उपक्रम को उन का सच्चा ह्रदय परिवर्तन समझने वाले नासमझों को कोई समझाए कि सांसारिक लीलाएं इतनी बेलोच नहीं हुआ करती हैं कि आप उन पर ऐसे सरपट रपटने लगें।

जन्मजात अंधखोपडियों ने पूरे दस बरस कथन और लेखन के अक्षरविश्व में जैसा नग्न–धमाल मचाया, उसे ऐसे ही विस्मृत कर देना नादानी होगी। यह समय गोस्वामियों, चौधरियों, सिन्हाओं, कश्यपों, देवगनों, चोपड़ाओं, सिन्हाओं, नरसिंहमनों, श्रीवास्तवों, अरूरों, रजतों, नविकाओं, वगैरह–वगैरह की करतूतों को भूलने का नहीं है। यह समय पुरियों, चंद्राओं, गुप्ताओं, पांडाओं, कोठारियों, ए–1, ए–2, वगैरह–वगैरह के अपकर्मों को क्षमादान की गंगधारा में तिरोहित करने का नहीं है। यह समय तो इन सभी के कुकर्मों को इतिहास की पाशाण शिला पर स्थायी तौर से उकेरने का है। आज जो अपनी भावप्रवणता पर काबू नहीं रखेंगे, वे गच्चा खाने के बाद कल अपनी मूढ़ता पर आंसू बहा रहे होंगे।

क्षमा धर्म है। क्षमा यज्ञ है। क्षमा वेद है। क्षमा शास्त्र है। क्षमा तेजस्वी पुरुषों का तेज है। क्षमा तपस्वियों का ब्रह्म है। क्षमा सत्यवादियों का सत्य है। क्षमा करना आत्म–प्रेम का कार्य है। क्षमा आल्हादकारी है। क्षमा बलमशक्तानाम् शक्तानाम् भूषणम् क्षमा। क्षमा वशीकृते लोके क्षमयारू किम् न सिद्धयति। क्षमा वीरस्य भूषणम। बचपन से हम अपने बुजुर्गों से यह सब सुन रहे हैं। सुन रहे हैं और गुन रहे हैं। गुन रहे हैं और मान रहे हैं। मगर मैं आप को बताता हूं, और मेरी बात मानना–न–मानना आप के मन की बात है, कि इन तमाम सूक्तियों की रचना–अपकृति आज के युग में स्वयं ही क्षम्य है। क्षमा वीरों का आभूषण जरूर है, लेकिन जो आंख बंद कर अपने आभूषणों को कुपात्रों की झोली में डाल देते हैं, समाज उन्हें वीर नहीं, बेवकूफ मानता है।

इसलिए नाहक वीर–पन मत दिखाइए। फिजघ्ल में दरियादिल बनने की दरकार नहीं है। यह जो मोहिनीअट्टम पर्दों और पन्नों पर ताजा–ताजा शुरू हुआ है, उसे देख कर बेसुध मत होइए। इन अदाओं पर गश खा कर गिरेंगे तो अगले एक–दो दशक हम–आप फिर नहीं उठ पाएंगे। यह परिवेश आप को बरगलाने के लिए रचा जा रहा है। अपने भोलेपन के कारण जिन के चेहरों पर आप को पश्चात्ताप की झलक दिखाई दे रही है, उन की आंखों में बैठे बहेलिए को ध्यान से देखिए। उन की मोहक पंक्तियों के बीच पसरे कांइयापन को पढने की कोशिश करिए। इस असलियत की

परतों का जायजा लेने के लिए किसी खुर्दबीन की जरूरत नहीं है। ये परतें तो वैसे ही उधड़ी हुई हैं। जिन्हें नहीं दिखाई दे रहीं, उन का कोई क्या करे!

मौसम के हिसाब से कपड़े बदलने वालों पर रीझ रहे दयालुओं से मैं तो यही अनुनय–विनय कर सकता हूं कि मत्स्य–वेध की तैयारियों के वक्घ्त दिग्भ्रमित होने–करने के बजाय थोड़े दिन अपना दिल थोड़ा संभाल कर रखिए। फिघ्दा–हुसैन बन कर बेली डांस करने के बजाय विक्रमादित्य बन कर न्याय सिंहासन पर बैठिए। मत भूलिए कि इन्हीं मरदूदों की वजह से आज भारतीय समाज इस कदर क्षत–विक्षत है। लोकतंत्र के यज्ञ को बाध्ति करने पर उतारू शासक–दल के मंसूबों को पूरा करने की होड़ में लगे मीडियासुरों को अगर सामाजिक दंड विधान के नियमों का पालन किए बिना रिहाई दे दी गई तो आने वाली पीढियां आज की पीढ़ी को कैसे माफ करेंगी?

अभी तो रंग–बदलू दौर शुरू हुआ भर है। आने वाले दिनों में हम–आप अलग–अलग अनुचर–टोलियों की और भी नई–नई कलाबाजियां देखेंगे। नौकरशाही से ले कर शिक्षा और संस्कृति संस्थानों तक में टांग पसारे पड़े बहुत–से मूर्धन्य चेहरों की रंगत भी तेजी से बदल रही है। ये अजीमुश्शान शक्घ्लें अपने लिए नए ठौर तलाशनें घरों से निकल चुकी हैं और कई दहलीजों पर सीस–नवाऊ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने लगी हैं। इस हवा के झोंके सियासत की सत्तासीन मुंडेरों पर धूनी रमाए बैठे महामनाओं की जटाएं भी बिखेरने लगे हैं। सो, अगली होली आते–आते कई सियासतदांओं के गालों पर हमें तरह–तरह के रंग पुतते दिखेंगे। एक ईंट खिसकने भर की देर होती है। फिर तो दीवार देखते–ही–देखते भरभरा कर गिर पड़ती है।

मगर असली मुद्दा तो यह है कि जब कहीं की ईंट और कहीं के रोड़े बिखरेंगे तो उन्हें कोई भानुमति या भानुमता अपना कुनबा जोडने के लिए बगलगीर तो नहीं कर लेगा? मेरा मानना है कि किसी भी सूरमा के दलांतरण या पुनर्वापसी की इजाजत देने वाले अपने प्रतिबद्ध सहयोगियों के खिघ्लाफ बर्बर अनाचार के कुसूरवार होंगे। अगर वे पिछले दस–बारह बरस में भारत में हुए राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पापाचार की अनदेखी का झाड़ू–पोंछा लगाएंगे तो महारौरव नरक के भागी होंगे। अब सियासी संस्कृति की नई और ठोस इबारत लिखने की जरूरत है। आज के प्रतिपक्ष को यह तय करना होगा कि उस का आंगन ऐसा गया–बीता रवैया नहीं अपनाएगा कि कोई भी कहीं से भी या कहीं भी हो कर आए और आ कर कहीं भी बैठ जाए।

राजनीतिक आवागमन के नियमों की पुनर्रचना नहीं होगी तो राजनीति से लोगों का रहा–सहा भरोसा भी उठ जाएगा। यूं ही अभी कौन–सी राजनीति की बड़ी साख बाकी रह गई है? सो, अगर अब भी सियासी दलों के विधाताओं ने अपने स्वभाव नहीं बदले तो एकाध दशक बीतते–बीतते समूची राजनीति वितलगामी हो जाएगी। धनपशुओं और नौकरशाही की सांठगांठ से संचालित हो रहे शासन तंत्र में राजनीतिकों की भूमिका दिखावे तक को भी बची नहीं रहेगी। इस खतरे को ठीक से समझ लेने और उस का कारगर प्रतिकार करने की पहली जिघ्म्मेदारी प्रतिपक्ष की है। इसलिए रंग–रूप बदलने की गरबा स्पर्धा के गोलघोरे में उसे अपना डांडिया निर्मोही निर्णायक बन कर थामे रहना है।

दया, करुणा और क्षमा की रसधार में भीग–भीग श्बीती ताहि बिसार देय का जाप आरंभ कर चुके बुद्धि–विलासी मित्र मेरी इस अभ्यर्थना पर ध्यान देने की मेहरबानी करें कि नया इतिहास तभी रचा जा सकता है, जब हम पुरानी गलतियों से सीख ले कर आगे बढ़ें। ठीक है कि प्रतिशोध से समाध्ाान नहीं निकला करते हैं, मगर प्रतिकार बिना भी राहें समतल नहीं बनतीं। इतनी ऊबडखाबड़ राहों पर तो जनतंत्र किसी भी दिन दम तोड़ देगा। इसलिए कंटक तो बीनने ही पड़ेंगे। उन्हें किनारे किए बिना कैसे कुछ होगा? मेरी मानें तो हुनरमंदों की कटिका–करवट की बलैंया लेना फौरन बंद कीजिए। वरना आप की एक लमहे की कमजोरी से आने वाली कई सदियां सजायाफ्ता हो जाएंगी। तब आप के बाल–बच्चों को आप की कोताहियों पर, पता नहीं कब तक, सिर नीचा किए घूमते रहना पड़ेगा। सो, खुघ्द पर नहीं तो उन पर रहम खाइए। वरना मैं आप पर तरस खाऊंगा।

मिलावटी उत्पादों से दुष्प्रभाव ही पड़ेगा

रजनीश कपूर

भारत में बढ़ते हुए कैंसर रोग के मरीजों, दिल के रोग के मरीज, मोटापे और अन्य बीमारियों का कारण भी कहीं रोजमर्रा खाने वाले नमक और चीनी में मौजूद ये प्लास्टिक के कण तो नहीं? यदि ऐसा है तो यह एक गंभीर मामला है। घरेलू नमक और चीनी में पाये जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें आप अपनी आँख से देख भी नहीं सकते।

पिछले सप्ताह एक एनजीओ द्वारा किए गए शोध से पता चला कि देश में अधिकतर नमक और चीनी निर्माता हमें प्लास्टिक के छोटे–छोटे कण खिला रहे हैं। श्टॉक्सिक्स लिंक्य नाम की एक एनजीओ के पर्यावरण अनुसंधान विभाग द्वारा किए गए एक शोध के बाद यह दावा किया। जबसे यह खबर उजागर हुई तो उपभोक्ताओं के मन में कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। भारत में बढ़ते हुए कैंसर रोग के मरीजों, दिल के रोग के मरीज, मोटापे और अन्य बीमारियों का कारण भी कहीं रोजमर्रा खाने वाले नमक और चीनी में मौजूद ये प्लास्टिक के कण तो नहीं? यदि ऐसा है तो यह एक गंभीर मामला है।

घरेलू नमक और चीनी में पाये जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें आप अपनी आँख से देख भी नहीं सकते। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के इतने सूक्ष्म कण आपके शरीर में कई सालों तक रह सकते हैं। इतने वर्ष तक यदि ऐसे कण आपके शरीर में रह जाएँगे तो इनका आपकी सेहत पर दुष्प्रभाव तो पड़ेगा ही। अब चूँकि यह शोध सामने आया है तो इसे गंभीरता से लेते हुए इसकी विस्तृत जाँच भी होनी चाहिए और साथ ही दोषियों के खघ्लाफ उचित कानूनी कार्यवाही भी की जानी चाहिए।

आज के दौर में हम जितना भी सादा भोजन करें हम किसी न किसी मात्रा में नमक और चीनी तो लेते ही होंगे। यदि इन जरूरी तत्वों के सेवन से हमें कैंसर और दिल के रोग होने लग जाएँ तो इंसान कहाँ जाए ? यदि मिलावटी मसालों की बात होती है तो हम अपनी दादी–नानी के घरेलू नुस्खघ्े आजमा कर रोजमर्रा के मसालों को घर में ही कूट–पीस सकते हैं। यदि दूषित पानी और कीटनाशक से उगी सब्जियों और फलों की शिकायत मिले तो हम जैविक खेती की मदद से शुद्ध सब्जियों और फलों का सेवन कर लेते हैं। परंतु यदि हर घर में इस्तेमाल होने वाले नमक और चीनी में ही इस कघ्दर मिलावट होने लगे तो आपक्या करेंगे ? लालच इंसान को किस हद तक ले जाता है कि मुनाफे के चक्कर में कुछ चुनिंदा उद्योगपति आम जनता को जहर परोस रहे हैं।

श्माइक्रोप्लास्टिक्स इन सॉल्ट एंड शुगरय्य नाम की इस स्टडी में श्टॉक्सिक्स लिंक्य ने टेबल सॉल्ट, रॉक सॉल्ट, समुद्री नमक और स्थानीय कच्चे नमक सहित 10 प्रकार के नमक और ऑनलाइन तथा स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी का टेस्ट करने के बाद इस स्टडी को पेश किया। अध्ययन में यह चौकने वाला सच सामने आया कि नमक और चीनी के सभी नमूनों में अलग–अलग तरह के माइक्रोप्लास्टिक्स शामिल थे। इनमें फाइबर, पेलेट्स, फिल्म्स और फ्रैगमेंट्स पाये गये।

शोध के अनुसार इन माइक्रोप्लास्टिक्स का आकार 0.1 मिमी से 5 मिमी के बीच पाया गया। सबसे अधिक माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा आयोडीन युक्त नमक में पाई गई, जो मल्टीकलर के पतले फाइबर और फिल्म्स के रूप में थे। जाँच रिपोर्ट के अनुसार, चीनी के नमूनों में, माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा 11.85 से 68.25 टुकड़े प्रति किलोग्राम तक पाई गई, जिसमें सबसे अधिक मात्रा गैर–ऑर्गेनिक चीनी में पाई गई। वहीं गौरतलब है कि नमक के नमूनों में प्रति किलोग्राम माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा 6.71 से 89.15 टुकड़े तक पाई गई। आयोडीन वाले नमक में माइक्रोप्लास्टिक्स की सबसे अधिक मात्रा (89.15 टुकड़े प्रति किलोग्राम) और ऑर्गेनिक रॉक सॉल्ट में सबसे कम (6.70 टुकड़े प्रति किलोग्राम) पाई गई।

उल्लेखनीय है कि इस विषय पर किए गए पिछले शोधों में पाया गया है कि औसत भारतीय हर दिन 10.98 ग्राम नमक और लगभग 10 चम्मच चीनी का सेवन करता है, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सीमा से काफी अधिक है। ऐसे में यदि हमारे शरीर में माइक्रोप्लास्टिक भी प्रवेश कर रहा है तो यह हमें कितना नुकसान पहुँचाएँगे इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। माइक्रोप्लास्टिक के कण मानव शरीर में मिलावटी भोजन के अलावा हवा और पानी के जरिये भी प्रवेश कर सकते हैं। एक अन्य शोध में यह भी पता चला कि माइक्रोप्लास्टिक मानव शरीर में फेंफड़े, हृदय जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों में बड़ी आसानी से प्रवेश कर लेते हैं। इतना ही नहीं एक शोध में यह भी पाया गया कि नवजात व अजन्में बच्चों में भी माइक्रोप्लास्टिक प्रवेश कर चुके हैं।

चिंता का विषय यह है कि भारत में निर्मित चीनी और नमक में इतनी मात्रा में मिलने वाले ऐसे तत्व क्यों पाये जा रहे हैं? क्या ऐसी स्टडी पहली बार हुई है? इससे पहले भी कई तरह के शोध मिलावटी उत्पादों को लेकर हुए हैं। क्या उन पर उचित कार्यवाही की गई? क्या सरकार ने ऐसे कड़े नियम बनाए कि ऐसी गलती करने पर निर्माताओं के खघ्लाफ कड़ी कघनूनी कार्यवाही की जाए? वैज्ञानिक शोध का मतलब स्पष्ट रूप से यही होता है कि जिस भी शोध में कुछ भी हानिकारक पता चले, उसे जनता के सामने पेश किया जाए। परंतु क्या ऐसे शोध को केवल जनता के सामने लाने से ही समस्या का हल निकल जाएगा? यदि उपभोक्ता जागरूक हो जाए और देश के सरकारी विभाग इस बात को सुनिश्चित कर लें कि किसी भी हाल में जनता को मिलावटी उत्पाद नहीं बेचे जा सकते, तो शायद स्थिति कुछ बेहतर हो। परंतु हमारे देश में जहां हर काम भ्रष्टाचार के श्पेपर वेट्य के सहारे होता है वहाँ कब, क्या और कितना होगा यह बताना मुश्किल है ?

फिघ्लहाल हर उपभोक्ता को जागरूक होना जरूरी है। इसके साथ ही देश में श्टॉक्सिक्स लिंक्य या अन्य सचेत एनजीओ का होना भी जरूरी है जो जनहित में ऐसे शोध जनता के सामने लाते हैं। आनेवाले समय में देखना यह होगा कि देश भर में काम कर रही ऐसी तमाम एनजीओ के शोध को सरकार कितनी गंभीरता से लेती है और दोषियों के खघ्लाफ क्या कघनूनी कार्यवाही की जाती है। तब तक के लिए हमें सचेत रहना चाहिए और जहां तक संभव हो मिलावटी उत्पादों से बचना चाहिए।

क्या रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति संभव है?

श्रुति व्यास

रूस अब पूरी तरह से मनमानी पर उतर आया है। सर्दी के मौसम की शुरूआत के साथ ही रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की बिजली उत्पादन संरचना को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। सोमवार को रूस ने युद्ध प्रारंभ होने के बाद से सबसे बड़े हवाई हवाई में ड्रोनों और मिसाईलों के जरिए यूक्रेन के बिजली घरों पर हमले किए। रूस पहले भी यूक्रेन के पघॅवर इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनता रहा है, जिसका लक्ष्य उसके नागरिकों को अंधेरे में जीने पर मजबूर करना और हाड़ जमाने वाली सर्दी का हथियार के रूप में इस्तेमाल करना है।

ये हमले तब हुए जब युद्ध एक नाजुक दौर में है। इस दौर में यूक्रेन ने सीमा पार दक्षिणी रूस में घुसपैठ की है और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह रूसी भूभाग पर हुआ पहला हमला है। सोमवार को यूक्रेनी सुरक्षा बलों ने रूस के और भीतरी इलाकों में घुसने का प्रयास किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने साथी देशों से अनुरोध किया है कि वे रूस की सीमा के अन्दर, भीतरी इलाकों पर आक्रमण के लिए उनके द्वारा दिए गए हथियारों के इस्तेमाल पर लगी पाबंदी हटा लें।इस बीच पूर्वी यूक्रेन के माइंस शहर पोकरोवस्क के निवासी जल्दी से जल्दी वहां से भागने की तैयारी कर रहे हैं। रूसी सेना इस शहर से केवल 11 किमी की दूरी पर हैं। यूक्रेन को उम्मीद थी कि क्रूस्क पर उसके अचानक किए गए हमले के नतीजे में इस मोर्चे पर रूस धीमा पड़ेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ और रूसी सेनाएं और तेजी से आगे बढ़ी हैं। रूस के लिए इस शहर पर कब्जा एक रणनीतिक लक्ष्य है, जो दिनप्रो और जेपोरिसिया जैसे बड़े शहरों की ओर बढ़ने का रास्ता खोल देगा।

यूक्रेन के शीर्ष सैन्य अधिकारी रूस के आगे बढ़ने की कुछ और ही वजहें बता रहे हैं। कुछ का कहना है कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में गोला–बारूद नहीं है और दुश्मन उनसे दस गुने तक अधिक असलहे का इस्तेमाल कर रहा है। कुछ अन्य रूस की रणनीति की चर्चा करते हैं दृ छोटे–छोटे समूहों में पैदल सेना द्वारा हमले, ग्लाईड बम और नए प्रकार के इलेक्ट्रानिक युद्ध। लेकिन लंबे समय से जारी युद्ध के कारण आई थकावट और पर्याप्त संख्या में सैनिक उपलब्ध न हो पाना यूक्रेन की इस विफलता के सबसे बड़े कारण हैं। जनता डर के माहौल में जीते–जीते

और अनिश्चित परिस्थितियों से तंग आ चुकी है। सैनिकों को अपनी शारीरिक क्षमता से बहुत अधिक काम करना पड़ रहा है और जो सैनिक तेज लड़ाई वाले मोर्चों पर तैनात हैं, उनका कहना है कि वहां हथियारों और सैन्य बल दोनों की संख्या दुश्मन की तुलना में बहुत कम है। रूस की लगातार बड़े हवाई हमले करने की क्षमता कायम है और इसके कारण यूक्रेन को कई ऐसे जगहों से पीछे हटना पड़ रहा है जहां उसकी जबरदस्त किलेबंदी है। इस स्थिति से निपटने का कोई उपाय ढूंढना उसकी प्रमुख सैन्य एवं कूटनीतिक प्राथमिकताओं में से एक है। कीव लगातार प्रयास कर रहा है कि युद्ध का रूख बदलने के लिए वह सीमा पार रूस के क्रूसक इलाके पर अधिकाधिक तीव्र हमले करे।

युद्ध शुरू हुए दो साल हो चुके हैं और वह लगातार जारी है। पुतिन अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और पूरी निर्ममता से हमले कर रहे हैं। जेलेंस्की पूरी दृढ़ता से उनका मुकाबला कर रहे हैं। पश्चिम ने ठान रखा है कि वह पुतिन को सत्ता से बेदखल करके रहेगा। बड़े पैमाने पर पश्चिम की सैन्य सहायता के चलते ही यूक्रेन अब तक न तो पराजित हुआ है ना ही आत्मसमर्पण को बाध्य हुआ है। क्रेमलिन का इरादा उत्तरी यूक्रेन पर किए जा रहे हमलों को जारी रखने का नजर आता है, और वह पहले की तरह बेरहमी से टोरेस्क और अन्य शहरों में हवाई हमले जारी रखे हुए है। ऐसी खबरें हैं कि दो हफ्ते पहले यूक्रेनी सैनिकों के रूसी भूभाग में घुस आने के बाद से रूस में राष्ट्रपति पुतिन की छवि को धक्का पहुंचा है। यह भी पिछले कुछ दिनों में रूसी हमलों के अधिक तीव्र होने का एक कारण है। पोकरोवस्क पर कब्जे और डोनेस्क इलाके की प्रशासनिक सीमा की ओर आगे बढ़ जाना, पुतिन के लिए देश अन्दर यह दावा करने के लिए पर्याप्त होगा कि वे जीत रहे हैं।रूस एवं यूक्रेन दोनों ने रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एक–दूसरे के शहरों में घुसपैठ करने में सफलता हासिल कर ली है जिसका उपयोग युद्ध की समाप्ति के लिए होने वाली समझौता वार्ताओं में किया जा सकता है। लेकिन क्या यूक्रेन ने समझौता वार्ताओं में अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए जिस रूसी भूभाग पर कब्जा किया है, वह उसे बनाए रखने में सफल होगा? इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब तक तानाशाह पुतिन सत्ता पर काबिज है तब तक क्या युद्ध की समाप्ति संभव भी है?००

छठ पूजा आस्था का महापर्व, नहीं होगी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी

घाटों में हो रही व्यवस्थाओं, सुंदरीकरण, घाटों की मरम्मत, साफ–सफाई व प्रकाश व्यवस्था का

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा और लखनऊ की महापौर माती सुषमा खर्कवाल जी रविवार को शाम 5:30 बजे लक्ष्मण मेला मैदान, झूलेलाल घाट, हनुमान सेतु पुराना मंदिर पहुंचकर दीपोत्सव के बाद आने वाली छठ पूजा को लेकर छठ घाटों व मार्गों में की जा रही व्यवस्थाओं, सुंदरीकरण, घाटों की मरम्मत, साफ–सफाई, स्वच्छता व प्रकाश व्यवस्था आदि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को छठ घाटों की चाक चौबंद व्यवस्था करने के जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 05 नवंबर से शुरू हो रहे और 08 नवंबर तक चलने वाले छठ पूजा महापर्व पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। छठ पूजा आस्था का महापर्व है, लाखों श्रद्धालु अपनी मुरादें पूरी करने के लिए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में सनातन संस्कृति मजबूत हो रही है। लोग अब पूर्ण श्रद्धा,आस्था व विश्वास के साथ सनातन पर्वों व त्योहारों को मना रहे हैं। इस वर्ष लखनऊ नगर निगम अपनी सीमा क्षेत्र में 88 स्थानों पर छठ पूजा स्थलों में

सभी व्यवस्था कर रहा है। मंत्री शर्मा और महापौर ने छठ पूजा के लिए घाटों में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी है और सभी श्रद्धालुओं से स्वच्छ, सुरक्षित, जीरो वेस्ट, प्लास्टिक मुक्त छठ पर्व मनाने के साथ गोमती नदी की स्वच्छता बनी रहे इसकी अपील की है।

नगर विकास मंत्री ने छठ घाटों व मार्गों में श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिले, उन्हें कोई परेशानी न हो, इसके लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पूजा घाटों में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था हो। सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग न हो, घाटों में इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। कूड़ा कचरा इधर–उधर न फैले घाटों में डस्टबिन रखवाए जाय। पूजा सामग्री जल में प्रवाहित न हो, इसके लिए घाटों में अर्पण कलश बनाए जाएं। लोग छठ पर्व को दिव्य और भव्य रूप से मनाए, इसके लिए घाटों का सुंदरीकरण कराए, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण शांति व खुशी का एहसास हो। छठ पूजा स्थलों व मार्गों पर मच्छरों, डेंगू से बचाव के लिए साफ सफाई के साथ फागिंग कराए, चूने का छिड़काव करें। पूजा सामग्री और कूड़े के निपटान के लिए उचित प्रबंध भी किया जाए।

ए.के. शर्मा ने निर्देशित किया कि छठ घाटों में नदी में जलकुंभी न दिखे। गहरे पानी में जाने से बचने के लिए नदी में बैरिकेटिंग की जाए। साथ ही किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जल पुलिस और गोताखोर भी तैनात किए जाएं। सभी घाटों में जीरो वेस्ट पर्व मनाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं के लिए घाटों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु टैंकरों की व्यवस्था रहें।

घाटों में गंदगी न हो, मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था रहे। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए, इसके लिए पुलिस की सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं, मॉनिटरिंग के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम बनाया जाए। घाटों और मार्गों में स्थानीय पुलिस की भी पर्याप्त व्यवस्था रहे। वाहनों के लिए पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। निर्धारित स्थानों पर जाने वह व्यवस्थाओं के उपयोग संबंधी साइनेज भी लगाए जाएं। शर्मा ने कहा कि छठ पूजा घाटों और मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रहे। पूजा घाटों को जाने वाले मार्गों को व्यवस्थित कराए। मार्गों में साफ सफाई की उचित व्यवस्था रहे। छठ घाटों और मार्गों में एलईडी लाइट, हाईमास्ट और झालर का प्रयोग कर लाइटिंग भी कराए। सभी छठ सफाई कर्मी, मशीनों, कार्मिकों व अधिकारियों की तैनाती रहे, सभी अपनी जिम्मेदारी को मुस्तैदी के साथ करें। ऐसे नगरीय निकाय जहां पर छठ पूजा पर्व का आयोजन किया जा रहा है, खासतौर से पूर्वांचल के क्षेत्र में वहां पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान भोजपुरी समाज के प्रभुनाथ राय, वेद प्रकाश राय, मनोज सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य अभियंता महेश वर्मा के साथ एलडीए और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

अद 'एस' के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

सोनभद्र (आरएनएस)। अपना दल एस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल का स्वागत समारोह व भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ0एपीजे अब्दुल कलाम के जयंती कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद प्रेक्षा गृह में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष अंजनी पटेल के स्वागत से उपरान्त किया गया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच अधिवक्ता हाई कोर्ट जिला अध्यक्ष अंजनी पटेल और विशिष्ट अतिथि गणों ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तद पश्चात राष्ट्रीय, प्रदेश व जिले के समस्त कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को अंगवस्त्र, स्मृतिचिन्ह देकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि अभिषेक चौबे ने संबोधित करते हुए कहा की पार्टी ने एक संघर्षशील युवा को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपकर संगठन को मजबूत बनाने का काम किया है। विशिष्ट स्थिति के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने सबको समान अवसर देती रही है और पार्टी ने मुझे 12 वर्षों तक जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य करने का जो अवसर दिया उसके लिए मैं आभारी हूं और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को मेरे तरफ से बधाई है। जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल ने जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेलरहे।

क्राप कटिंग का किया स्थलीय निरीक्षण

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड ने सिराथू, तहसील के ग्राम–सैलरहा पश्चिम के कृषक तेज नारायण के खेत में किये जा रहें धान की क्राप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने कृषक तेज नारायण को पुष्प और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरान्त उन्होंने स्वयं हसिया लेकर फसल की कटाई की। उत्पादकता एवं उत्पादन तथा क्षतिपूर्ति के आंकलन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत सी0सी0ई0पी0 ऐप के द्वारा क्राप कटिंग सम्पन्न करायी गयी। उन्होंने वहॉ पर उपस्थित लोगों को फसल बीमा तथा सरकार द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक भी किया। इस अवसर पर अपर सांख्यिकीय अधिकारी मनोज कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार सिराथू अतुल शर्मा रहें।

अब नहीं चलेगी विशेष समुदाय की मनमानी–सर्वेश

सुल्तानपुर (आरएनएस)। हिंदू आस्था पर प्रहार करने वाले लोग देवी देवता के नाम से दूकान खोल कर चला रहे थे। जिसमें एक खास समाज के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ मुखर होकर विरोध शुरू कर दिया तो, नगर कोतवाली पुलिस भी अपना दामन बचाते हुए साथ में खड़ी हो गई। आनन फानन में कोतवाली के बगल स्थित भोला बिरियानी कॉर्नर पर काम करने वाले लोगों को उठाकर कोतवाली ले आई। यही नहीं दुकान मालिक से नाम बदल लेने की बात कही।

राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने एक मुलाकात में बताया की सरकार की सभी योजनाएं जनहित में है लेकिन जिला प्रशासन उसके प्रति गंभीर नहीं है जिसके कारण नगर भर में दर्जनों खाद्यान्न (खान–पान) की दुकाने धड़ल्ले से चल रही। जिसके क्रम में उन्होंने एक सूची भी जारी की है गोपाल दासपुर के पास सोनू जूस कार्नर, मुरारी दास गली में मोनू जूस कॉर्नर, जिला अस्पताल के सामने कृष्णा डेरी, दरियापुर तिराहे पर दिल्ली जूस कॉर्नर, राहुल चौराहे के पास भोला बिरयानी, डीएम आवास के बगल पशु अस्पताल मोड भोला बेंज बिरियानी, मोनू जूस के नाम से बाध्मडीं, धूमपान भी मुस्लिम समुदाय देवताओं के नाम जैसे कृष्णा बीडी, शांती बीडी लक्ष्मी बीडीं, आदि दर्जनों देवी देवताओं का नाम शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि सैलून, मेडिकल स्टोर, फल एवं सब्जी, विद्यालय व किराना की दूकान पर उनके अपने नाम ही है ।

पिकअप में लादकर ले जाए गए बच्चें

सुल्तानपुर (आरएनएस)। टीचर ही नौनिहालों के जान के दुश्मन बने हुए हैं। सरकारी टीचरों के लिए सरकार के ही निर्देश मायने नहीं रखते हैं। यहां एक फोटो वायरल हुई है,जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चे पिकअप में भेड़ बकरियों की तरह लाद कर ले जाए जा रहे हैं। लेकिन इससे जिम्मेदार बेखबर दिखे। मामला धनपतगंज ब्लॉक क्षेत्र से जुड़ा है। जहां परिषदीय विद्यालय न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता चरथई के कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित है। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय अमऊजासरपुर के बच्चों को ले जाया जा रहा था। सरकारी टीचर ने सरकारी निर्देशों को ताक पर रखते हुए पिकअप में छात्र–छात्राओं को भरा और लेकर चल दिए। बताया जा रहा है कि करीब 35 बच्चे पिकअप पर सवार थे। बीईओ बोले जांचकर होगी कार्रवाई अध्यापकों की इस गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली के साथ सड़क पर दौड़ते वाहन को देख लोगों के बीच चर्चा भी शुरू हो गई कि आखिर स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर महकमा कब चेतेगा। जबकि आए दिन ऐसे वाहनों से बच्चों के जान का जोखिम खड़ा हो रहा है। सरकार भी ऐसे वाहनों पर सख्ती से रोक लगाने का फरमान जारी कर चुकी है। फिर भी शिक्षा महकमा बेखबर है। इस बाबत जब खंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

पोषाहार वितरण और टीकाकरण में न हो लापरवाही

चित्रकूट। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई डीएम ने लर्निंग लैब, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, सैम प्रबंधन, अनुपूरक पोषाहार वितरण, वजन मशीनों की उपलब्धता, वीएचएसएनडी सेशन, पोषण पुनर्वास केंद्र, सेशन के दौरान गुणात्मक सुधार को सुझाव, पोषण वाटिका, हाट कुकड योजना, सैम मैम बच्चों की स्थिति, अन्नप्राशन व गोद भराई आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि संयुक्त रूप से भ्रमण कर टीकाकरण की स्थिति को देखें। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर से कहा कि विकासखंड रामनगर आकांक्षी ब्लॉक है। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को वीएचएसएनडी सेशन के दौरान टीकाकरण की ड्यू लिस्ट दी गई है उसमें कितने बच्चे टीकाकरण से लाभान्वित हुए है उसको देखें। डीएम ने सुपरवाइजरों से क्षेत्रवार वीएचएसएनडी सेशन के दौरान बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तथा कुपोषित व अति कुपोषित बच्चे की जानकारी की। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा को निर्देश दिए किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व बच्चों को जो पोषाहार का वितरण किया जाता है उसको सही तरीके से कराया जाए। कहीं से कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में जिनकी सूची कायाकल्प की दी गई है उसको पूर्ण कराया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि समस्त सैम बच्चों की सूचना को पोषण ट्रैकर में जो प्रदर्शित है ।

अपराधियों ने शटर–लाकर सब तोड़ दिया है

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में अतिभ्रष्ट शासन के चिराग के नीचे भ्रष्ट प्रशासन का अंधेरा ही नहीं, पूरी अंधेरगर्दी है। अपराधियों ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का शटर और लाकर सब तोड़ दिया है। पुलिस की एफआईआर पुलिस के खिलाफ दर्ज हो रही है। पत्रकार और फौजी सभी भाजपा राज में अपमानित और हिंसक व्यवहार के शिकार हो रहे है।

उत्तर प्रदेश में जनता देख रही है कि किस तरह हर शहर, गली, मोहल्ले में जमीनों पर कब्जे, प्लाटिंग, रंगदारी–वसूली में भाजपाई लोग संलिप्त हैं। हर अपराध और गोरखधंधे के पीछे शासन से नालबद्ध संबंध रखने वाले भाजपा के ही गुर्गे हैं। बस्ती में भाजपा नेता के बेटे ने पड़ोसी को बीएमडब्लू कार से कुचल दिया, मौत। फिरोजाबाद में मामूली विवाद के बाद भाजपा नेता ने युवक पर कार चढ़ाने की कोशिश की। सत्ता के नशे में चूर भाजपाई कार से कुचलकर निर्दोषों की हत्या कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने अपनी बेईमानी में पुलिस को पार्टनर बना लिया है और जो पुलिसवाले ईमानदारी–जिम्मेदारी से काम करना चाहते हैं, उन्हें केंद्रीय भूमिका से दूर भेजकर साइड लाइन कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में अस्थायी पुलिस प्रमुख होने की वजह से जुर्म स्थायी हो गया है। पचासों पायदान नीचे के कनिष्ठों को वरिष्ठ पदों पर बैठाकर अच्छे पुलिस अधिकारियों से पदोन्नति के अवसर छीनकर उनका मनोबल तोड़ा गया है, इसीलिए उत्तर प्रदेश में कानून– व्यवस्था की इतनी दुर्गत अवस्था है। वैसे भी भाजपा की सरकार और अपराधियों में एक अजीब सा सम्बन्ध है। एक तरफ दोनो साथ–साथ हैं, तो वहीं दूसरी तरफ सरकार जितनी कमजोर और निष्क्रिय होती जा रही है, अपराधी उतने ही ताकतवर और सक्रिय होते जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी में तो इधर पुलिस हिरासत में मौतों का रिकॉर्ड ही टूट गया है। मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था के नियंत्रण के मामले में पूरी तरह फेल साबित हो चुके है। उनके संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद, दलित, पिछड़ों के विरुद्ध अपराध बढ़ रहे है। अभी जौनपुर में एक युवा खिलाड़ी की तलवार से निर्मम हत्या कर दी गई। भाजपा राज में नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। किसान को उनकी फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं है। समाज का हर वर्ग परेशान–निराश है। लोग भाजपा की कुनीतियों से ऊब चुके है। अब वे जल्दी ही भाजपा से छुटकारा पाना चाहते है।

यातायात माह नवंबर 2024 का शुभारंभ

श्रावस्ती 3 नवम्बर (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा 1 नवम्बर को खैरी मोड़ भिनगा में चौपाल लगाकर नागरिकों को जागरूक करते हुए यातायात माह नवंबर–2024 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ दिलाई गयी ताकि वे स्वयं व दूसरे के प्रति सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहें। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा हेलमेट का वितरण भी किया गया, जिससे नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पुलिस अधीक्षक द्वारा खैरी मोड़, भिनगा से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक को0 भिनगा,प्रभारी निरीक्षक सिरसिया,थानाध्यक्ष सोनवा,प्रभारी यातायात उ0नि0 मो0 शमीम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उक्त बाइक रैली खैरी मोड़ से रवाना होकर कस्बा भिनगा से आरटीओ तक भ्रमण करते हुए लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देती रही,जिससे स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। यातायात जागरूकता अभियान पूरे माह चलेगा इस दौरान पुलिस द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं व परिवहन विभाग के साथ मिलकर स्कूल/कॉलेजों, भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस पहल का उद्देश्य आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

समाधान के तहत ग्राम पंचायत भदवा में चौपाल

कौशाम्बी। जिले के सिराथू तहसील के ग्राम पंचायत भदवा में गांव की समस्या गांव में ही समाधान के तहत ग्राम पंचायत में एक चौपाल लगाया गया जिसमें मुख्य अतिथि का तिथि के रूप में सिराथू विकासखंड अधिकारी भावेश शुक्ला रहे उन्होंने बैठक में कहा की उत्तर प्रदेश सरकार की मनसा स्वरूप डबल इंजन की सरकार गरीबों को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर घर को पक्का दिलाने का निर्णय लिया गया है इस के तहत बैठक में ग्राम विकास अधिकारी राजमणि भारती का कहना है की भदवा गांव में समस्त पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शत प्रतिशत दिलाने का निर्णय लिया गया तथा साथ में उत्तर प्रदेश सरकार की संचालित सभी योजनाओं में से लाभ दिलाने का निर्णय भी लिया गया है। उक्त चौपाल के माध्यम से लोगों को वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन ,विकलांग पेंशन, खाद एवं रसद विभाग द्वारा राशन कार्ड, उपलब्धता करने का आदेश भी दिया गया इसके साथ में मौजूद अवर अभियंता सिंचाई विभाग रामचंद्र यादव नेसभी समस्याओं को तुरंत निस्तारण करने हेतु कहा गया ,प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना में शिकायत करता शिकायत लेकर आया उनका तुरंत निस्तारण करने का आदेश दिया इस बैठक में लघु सिंचाई विभाग अवर अभियंता रामचंद्र यादव जी, पंचायत सहायक विश्व बंधु ग्राम विकास अधिकारी राजमणि भारती ,पंचायत मित्र प्रदीप कुमार चौधरी, पंचायत सहायक सुमन चौधरी ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नंदलाल सरोज, वह वर्तमान प्रधान मालती देवी ग्राम कोटेदार प्रतिनिधि संतोष मिश्रा नेम नारायण त्रिपाठी रहे।

आयोजित की गई गोष्ठी

मीरजापुर। शहर के मध्य वासलीगंज स्थित श्री साई इन्फोटेक पर सम्पूर्ण क्रांति के जनक, लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी, भारत रत्न, लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की 122वीं जयंती पर कायस्थ समाज द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डॉ शक्ति श्रीवास्तव ने कहा कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है का उद्घोष करने वाले लोकनायक की जयंती पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित उनके स्मारक पर ताला लगवा कर पुलिसिया घेराबंदी करते हुए किसी को भी उनकी प्रतिमा तक न पहुंचने देना का सत्ताधारी दल का संकल्प भी एक प्रकार की तानाशाही ही आता है और किसी भी प्रकार की तानाशाही का विरोध करने वाले लोकनायक के सच्चे अनुयायी इस घृणित कृत्य की घोर निन्दा करते हुए प्रत्येक जनपद व नगर में आज जयप्रकाश नारायण जी की जयंती का आयोजन कर रहे हैं।

पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का दिया गया निर्देश

कुशीनगर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति, दिशा की बैठक में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने किया। बैठक में सर्व प्रथम पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय, दिए गए निर्देशों एवं स्वीकृत कार्यों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के साथ ही आज की कार्यवाही से शुरूआत की गई। उक्त बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन व गोकुल मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण किए गए सड़क, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाएं, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत शहरी मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, ई श्रम पोर्टल, एनआरएलएम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया, मिड डे मील स्कीम, सर्व शिक्षा अभियान, कन्या जन्मोत्सव अभियान, मानव दिवस सृजन, मनरेगा के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए रोजगार, बनाए गए मिनी स्टेडियम, मनरेगा पार्क, अन्नपूर्णा स्टोर, पीएम खनिज कल्याण क्षेत्र के कार्य योजनाओं की प्रगति, समस्याओं के संदर्भ में समीक्षा एवं उसके पूर्व वर्ष और वर्तमान वर्ष की कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी ली गयी। जनप्रतिनिधियों ने बैठक में संबंधित विभागाध्यक्षों से विभाग से जुड़ी लाभकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में प्रगति की जानकारी ली, लंबित कार्यों पर जवाब मांगा।

संक्षेप

इनामी दंगल आज और कल

चरवा, कौशाम्बी। चरवा क्षेत्र के समसपुर गांव में दो दिवसीय इनामी दंगल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंदराही बाग में शनिवार और रविवार को आयोजित किया जायेगा।यह जानकारी प्रधानपति आशीष कुमार पाण्डेय ने दी है।उनके अनुसार यहां के दंगल में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय तथा बाहरी पहलवानों के साथ–साथ महिला पहलवान की भी भागीदारी रहा करती है।

करंट की चपेट में आने से घायल

कौशाम्बी। विदौंव पुलिस चौकी क्षेत्र के सांडवा ग्राम सभा निवासी किशोरी लाल सरोज सन ऑफ रामलाल सरोज, दूसरे व्यक्ति सिघवल का पुरवा निवासी दर्शन सरोज सन ऑफ पतली मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं आज झगरुआ ग्राम सभा में निहुर सरोज के समर सेबल में प्लास्टर का काम चल रहा था तभी ऊपर रखे हुए पाइप को नीचे उतार रहे थे उतारते वक्त पाइप में 11000 हजार वोल्टेज में छू जाने के कारण दो व्यक्ति जुलूस गए। आनन फानन में लोग लेकर इलाज के लिए पहुंचे तो डॉक्टर ने बताया कि स्थित बहुत ठीक नहीं है इलाज चल रहा है।

सीओ ने क्षेत्र में किया पैदल मार्च

कौशाम्बी। जनपद में छठ पर्व की शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा उपजिलाधिकारी चायल के साथ थाना संदीपनघाट चौकी मूरतगंज अन्तर्गत भ्रमण कर कस्बा मूरतगंज में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों को चेक किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ई–चालान किया गया।

दो वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अंजनी कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी मुखिया निवासी नरसिंहपुर कछुवा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 नीरज कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी राजकली निवासिनी ग्राम भैला मकदूमपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो–पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 61 वाहनों का ई–चालान किया गया।

व्यापार बंधु की बैठक हुई संपन्न

सुल्तानपुर (आरएनएस)। शासनादेश के अनुसार प्रतेक माह में उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक रखी जाती है जिसमें जनपद के सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारी गण एवं व्यापारी गण के साथ बैठक कर सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए बनाए गए नियम, प्रोत्साहन, एंव व्यापार को बढाने हेतु योजनाओं से अवगत कराया जाता है इस मौके पर बैठक में शामिल अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री हिमांशु मालवीय ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को इस वर्ष संपन्न हुए दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने व दुर्गा पूजा महोत्सव को रजिस्टर्ड करने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया। जिला संगठन महामंत्री ने अलीगंज बाजार में स्थित बिजली की समस्याओं से अवगत कराया, प्रवीन्द्र भालोठिया ने इंडस्ट्रियल एरिया से संबंधित समस्याओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया।

यात्रा में शामिल होगें रामभद्राचार्य

सुल्तानपुर (आरएनएस)। जिले में प्रतिष्ठित पौराणिक स्थल विजेथुआ महावीरन धाम पर शुक्रवार से पांच दिवसीय विजेथुआ महोत्सव का आयोजन सत्य पथ फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। जगदगुरु रामभद्राचार्य इसमें पांच दिनों तक हनुमान कथा कहेंगे। शुक्रवार को प्रतापगढ़ के ढकवा से उन्हें रिसीव कर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, विजेथुआ पहुंचने पर 1008 कलश यात्रा में शोभा यात्रा शामिल कर दी जाएगी।कार्यक्रम को लेकर सत्य पथ फाउंडेशन के सीईओ विवेक तिवारी ने प्रेस ब्रीफिंग कर जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि विजेथुआ महोत्सव का इस बार 51वां वर्ष है। अब तक हमारी ग्राम सभा के लोग मिलकर महोत्सव को आयोजित करते चले आ रहे हैं। बीते तीन वर्षों से सत्य पथ फाउंडेशन भी इसमें शामिल हुआ। अब इस बार के महोत्सव से पूर्व यहां समिति का गठन किया गया है। जिसके पदेन अध्यक्ष विधायक कादीपुर राजेश गौतम मनोनीत किए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर जानकारी साझा करते हुए बताया कि ढकवा से कल दिन में 12 बजे जगदगुरु राम भद्रा चार्य को रिसीव कर एक शोभा यात्रा करौंदीकला, सूरापुर होकर विजेथुआ महावीरन धाम तक जाएगी। यहां जो जाकर 1008 कलश यात्रा में बदल जाएगी। वहां से गुरूजी को 3 बजे मंच पर ले जाया जाएगा। शाम 6 बजे तक वो कथा कहेंगे। इसके बाद प्रसाद का वितरण होगा। ये कथा पांच दिन चलेगी। 30 अक्टूबर को भजन कृतन और दीपोत्सव कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम स्थल पर 60□45 का स्पेशल मंच तैयार किया गया है, जिस पर जगदगुरु रामभद्रा चार्य बैठकर कथा कहेंगे। इसके अलावा इसके प्रट पर ही 80–80 सीके वीआईपीज के लिए लगाए गए हैं। जबकि 100□300 के दस खाने जापानी पंडाल के बनाए गए हैं। जिसमें दस हजार लोगों के बैठने के लिए मैट और गद्दा लगाया है।

स्कूली वाहनों की कराई जांच

चित्रकूट(आरएनएस)। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला व पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी ने 12 व 13 अक्टूबर को जिले में ड्रंक एण्ड ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही किया। स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा के मानकों की जांच की गई। स्कूल वाहन प्रबन्धक, प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया कि अपने स्कूल में समस्त संचालित वाहनों को मानक के अनुरूप संचालन कराएं। इस दौरान वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री के पाये जाने पर प्रवर्तन कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों एवं आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुये उनका पालन करने के लिये प्रेरित किया गया।

दोषियों को पांच वर्ष कारावास

चित्रकूट। जान से मारने की नियत से हमला कर गंभीर रुप से घायल करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने अभियुक्तों को पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि कर्वी कोतवाली अंतर्गत शिवरामपुर निवासी जीवनलाल पुत्र बोडा निषाद ने 30 नवम्बर 2014 को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार रामकृष्ण अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र शंकर को प्लाट का काम कराते समय जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

सुलह का दबाव बना रहे आरोपी

चित्रकूट(आरएनएस)। कोतवाली कर्वी क्षेत्र के बांधोइन गांव के बजरा केवटपुरवा बड़ीरीत निवासी शंकर लाल पुत्र स्व. बद्री प्रसाद ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंच दिये शिकायती पत्र मे कहा कि उसका पुत्र छेदीलाल 11 जुलाई को भैरोपागा मोहल्ले से निमंत्रण के बाद घर लौट रहा था। तभी उसे पांच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोक कर उसके साथ मारपीट कर उसे जबरदस्ती शराब पिला दी। उसके साथ लूटपाट कर बेहोशी दशा मे रेलवे ट्रेक मे रख दिया। जिससे ट्रेन की टक्कर पीड़ित के पुत्र के बाया हाथ कट गया। पीड़ित को पुलिस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। पीड़ित द्वारा घटना की रिपोर्ट कोतवाली मे दर्ज कराई पर पुलिस द्वारा विवेचना मे आरोपियों के नाम प्रकाश मे लाने के बाद भी आज तक उनकी गिरफ्तारी नही की गई। उक्त आरोपी पीड़ित व उसके परिवार को मामले की सुलह करने का दबाव बना रहे और जान से मारने की धमकी देते है। विवेचक द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की जा रही है। पीड़ित ने एसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी की माग करते हुए न्याय की फरियाद लगाई है।

संस्थान का मना समारोह

सोनभद्र (आरएनएस)। जागृति योग संस्थान के तृतीय वार्षिक समारोह के तत्वावधान में योग संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया स कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद तथा महिला थाना प्रभारी सविता सरोज के द्वारा दीप प्रज्वलन करके आरंभ किया गया। सर्वप्रथम योग संस्थान की संचालिका अनीता गुप्ता एवं तलविंदर भण्डारी द्वारा नटराज स्तुति प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात योग संस्थान की छात्राओं द्वारा योग प्रस्तुति व योग नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए विगत एक वर्ष में जिन भी बहनों ने योग से अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों को प्राप्त किया, उन्हें मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया गया।

रविवार को साधु संतों ने प्रयाग नगर में प्रवेश किया। काशी सुमेरु पीठाधीश्वर का महापौर गणेश ने माल्यार्पण कर आशिर्वाद लिया। शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती जी महराज ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि धर्म की स्थापना करे।

घाटों का दौरा किया

प्रयागराज। सोमवार को महापौर ने छठ मैया पर्व के दृष्टिगत छठ पूजा की को लेकर महापौर गणेश केसरवानी ने मां यमुना नदी तिराहा स्थित मां यमुना घाट, संगम घाट, बलुआघाट, बाबा मौजगिरि घाट, गऊघाट, अरैल घाट, दारागंज घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई, लेवलिंग का कार्य, अस्थायी शौचालय और चौंजिंग रूम, रोशनी की व्यवस्था के लिए आदेशित किया। जल कल महाप्रबंधक गौरव कुमार, सतीश कुमार मुख्य अभियंता सिविल, संजय कटिहार मुख्य अभियंता विद्युत, उत्तम वर्मा पर्यावरण अभियंता, नजमी सहायक अभियंता, आर के लाल अधिशाशिय अभियंता, राम सक्सेना अवर अभियंता, विद्युत विभाग के अभियंता गण, जलकल जोनल अखिलेश त्रिपाठी, संजय ममगई एवं श्यामलाल रहे।

चाचा-भतीजे की मौत के बाद मचा कोहराम, आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलवाने की मांग पर अड़े परिजन

प्रयागराज। उतरांव थाना क्षेत्र के आरा कला गांव में दीपावली के दिन विवादित जमीन पर दिया जलाने को लेकर पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट में घायल चाचा भतीजे की मौत के बाद गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात कर दी गई है। परिजन शवों को उठाने नहीं दे रहे हैं। आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने और आश्रितों को सरकारी नौकरी देने सहित कई मांगों को लेकर वह अड़ गए हैं। मौके पर पुलिस और प्रशासन के तमाम अधिकारी मयफोर्स पहुंच गए हैं। आरा कला के मजरे के कजरीगढ़ गांव निवासी दिलीप कुमार दुबे व पड़ोस के राम अभिलाष यादव में दीपावली के दिन विवादित जमीन पर दिया रखने को लेकर विवाद हो गया था।मारपीट में पवन कुमार दुबे के सिर पर गंभीर चोट लगने से वह जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। बीच–बचाव में गए अन्य परिवार के

लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया था। मारपीट में गंभीर रूप से घायल पवन कुमार उम्र (32) पुत्र राजेंद्र प्रसाद की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मारपीट में घायल पवन के चाचा जितेंद्र दुबे की भी देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक जितेंद्र दुबे का देर रात पोस्टमार्टम कराया। सुबह परिजन दोनों शवों को घर पर रखकर मांग मुआवजे की मांग पर अड़ गए हैं। शव कब्जे में लेने पहुंची पुलिस से परिजनों की नोकझोंक भी हुई। आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी, मुआवजा के रूप में एक शस्त्र लाइसेंस, एक नौकरी, सड़क निर्माण, घर ध वस्तीकरण आदि मांग पर परिवार के लोग अड़े हैं। मौके पर डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत व एडीएम फाइनेंस, एसीपी फूलपुर, एसीपी हंडिया समेत कई थाने की फोर्स पीएससी बल मौजूद रही। उतरांव थाना क्षेत्र के आराकला कजरीगढ़ गांव में हुई मारपीट में दस व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट एवं हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पीड़ित दिलीप कुमार दुबे की तहरीर पर पुलिस रवि शंकर यादव, ध्रुव शंकर, रतन सिंह, लव कुश, राम अभिलाष, धारा सिंह, कुलदीप, विकास यादव, चिंतामणि, विपिन यादव व कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उतरांव पुलिस ने मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के आरोप में एक पक्ष के सुनील कुमार, ध्रुव शंकर, रवि शंकर पुत्रगण राम अभिलाष और धारा सिंह व विकास यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रयागराज में जातीय संघर्ष, दो की मौत:
दीया जलाने को लेकर यादव–ब्राह्मण भिड़ेय परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा

फूलपुर, प्रयागराज। प्रयागराज में दीया जलाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि ईंट पत्थर चलने लगे। यादव पक्ष ने ब्राह्मण पक्ष को पीटना शुरू कर दिया। इसमें दो लोग घायल हो गए। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।इसके बाद परिजनों ने शव को आरोपियों के घर के बाहर रखकर हंगामा किया। जानकारी तीन थानों की

फोर्स पहुंची। आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज की। 5 लोगों को अरेस्ट कर लिया। अन्य की तलाश में दबिश जारी है। ये घटना उतराव थाना क्षेत्र के कजरीगढ़ गांव की है। दिलीप कुमार दुबे व पड़ोस के राम अभिलाष यादव में दीपावली के दिन विवादित जमीन पर दीया रखने को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में पवन कुमार दुबे के सिर पर गंभीर चोट लगने से वह जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। बीच बचाव में गए अन्य परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया था। मारपीट में गंभीर रूप से घायल पवन कुमार उम्र 32 पुत्र राजेन्द्र प्रसाद का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, मृतक पवन के चाचा जितेंद्र दुबे की भी देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक जितेंद्र दुबे का देर रात पोस्टमॉर्टम कराया। वही सुबह परिजनों द्वारा दोनों शव को घर पर रखकर मांग पर अड़े हुए हैं। परिजनों की मांग है कि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो तथा मुआवजा के रूप में एक शस्त्र लाइसेंस एक नौकरी, सड़क निर्माण, घर ध्वस्तीकरण व अन्य मांग की। शव घर पर रखकर भारी संख्या में लोग अपनी मांगों पर अड़े हैं। घटनास्थल पर डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत व एडीएम फाइनेंस,एसीपी फूलपुर,एसीपी हंडिया समेत कई थाने की फोर्स पीएससी बल मौजूद रही। मारपीट में 10 व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट एवं हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पीड़ित दिलीप कुमार दुबे की तहरीर पर पुलिस ने रवि शंकर यादव,ध्रुव शंकर,रतन सिंह,लव कुश,राम अभिलाष,धारा सिंह कुलदीप, विकास यादव,चिंतामणि,विपिन यादव व कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उतरांव पुलिस ने मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के आरोप में एक पक्ष के सुनील कुमार,ध्रुव शंकर,रवि शंकर पुत्रगण राम अभिलाष, एवं धारा सिंह व विकास यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गाजियाबाद लाठीचार्ज के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्त, प्रदर्शन और नारेबाजी की

प्रयागराज। गाजियाबाद की जिला अदालत में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज से खफा हाईकोर्ट व केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के वकील भी सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। बड़ी संख्या में अधिवक्ता हाईकोर्ट के सामने जुटे। लाठीचार्ज का विरोध करते हुए नारेबाजी की और पुतला दहन किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारिणी ने घटना की निंदा की गई। साथ ही बार एसोसिएशन की ओर से गाजियाबाद के जिला जज के खिलाफ अवमानना वाद दाखिल करने का निर्णय लिया गया। कैट बार एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र नायक ने बताया कि केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। बैठक में हाईकोर्ट से गाजियाबाद के जिला जज व संबंधित पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करने, घायल अधिवक्ताओं को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद की ओर से प्रस्तावित एवं नामित अधिवक्ता प्रतिनिधि को शामिल कर उच्चस्तरीय तथ्य अन्वेषण समिति का गठन की मांग की गई है। संचालन महासचिव विक्रांत पांडेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्र, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव सुमित श्रीवास्तव, पुनीत शुक्ला, अभिजीत पांडेय, आंचल ओझा, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह, अभिषेक मिश्र आदि रहे। गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने लाठीचार्ज की घटना की हाईकोर्ट की निगरानी में एसआईटी से जांच कराने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर अगले हफ्ते सुनवाई की संभावना है। याची बार एसोसिएशन के अधिवक्ता जवाहर यादव की ओर से दाखिल आपराधिक याचिका भारत के संविधान के अनुच्छेद 215 के तहत दाखिल की गई है। मांग की गई है कि जिला मजिस्ट्रेट को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। याचिका में वकीलों के खिलाफ दर्ज एफआईआर व उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। साथ ही पुलिस आयुक्त को जिला न्यायाधीश की अदालत और पूरे न्यायालय परिसर के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करने और प्रभावी जांच के लिए इसे एसआईटी को भेजने का निर्देश देना भी शामिल है।

प्रयागराज में खानसामा रेस्टोरेंट पर कब्जे का विवाद:
पार्टनरशिप में खुला था होटल, दोनों करोबारी लड़ेय FIR के बाद जांच में जुटी पुलिस

प्रयागराज। सिविल लाइंस स्थित रेस्टोरेंट खानसामा पर कब्जे को लेकर विवाद हो गया। पार्टनरशिप पर चलने वाले इस रेस्टोरेंट को लेकर पहले भी कहासुनी हुई थी। अब सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। राजापुर के रहने वाले करोबारी मो. महमूद सिध्दीकी ने सिविल लाइंस में केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि जीटीबी नगर करेली के रहने वाले हमजा के साथ उसकी पार्टनरशिप में 2016 में सिविल लाइन में एमजी मार्ग पर रेस्टोरेंट खुला। होटल में दोनों लोगों ने बराबर से रुपए लगाए। आरोप है कि कुछ समय के बाद जब होटल अच्छा चलने लगा तो हमजा ने बेईमानी शुरू कर दी। वर्ष 2022 में महमूद और हमजा ने तय किया कि दोनों में से एक व्यक्ति ही होटल चलाए। शर्त रखी गई कि आय का 75 प्रतिशत का हिस्सेदार होटल चलाने वाला होगा जबकि दूसरे व्यक्ति को 25 प्रतिशत मिलेगा। हमजा ने प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए पहले खुद होटल चलाने पर राजी हुआ और उस समय के मुनाफे हिसाब से दूसरे पार्टनर यानी महमूद को 30,000ध्– रुपए प्रतिमाह देने की बात तय हुई। कुछ दिन तक हमजा रकम का भुगतान ऑनलाइन करता रहा। होटल की आय बढ़ने पर भी हमजा निर्धारित राशि ही देता रहा। इस पर विवाद हुआ। महमूद का आरोप है कि जब हमजा से कहा गया कि होटल का हिसाब कर उसे वापस कर दो तो वह धमकी देने लगा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

प्रयागराज में झोले में भर ले गया रुपए और गहने:
कारोबारी के घर लाखों की चोरी, CCTV में जाता दिखा चोर

प्रयागराज। प्रयागराज में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बदमाशों ने एक कारोबारी के घर का ताला तोड़कर दो लाख रुपये, लाखों के गहने पार कर दिए। घटना शहर के धूमंनगंज थाना क्षेत्र के ग्यासुद्दीनपुर महेंद्र नगर की है। वारदात रविवार की भोर अंजाम दी गई। रविवार रात कारोबारी का परिवार घर लौटा तो उन्हें चोरी का पता चला। आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज में एक शातिर झोले में सामान लेकर जाता नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि चोरी की घटना अंजाम देने के बाद वह गहनों आदि को झोले में लेकर भागा। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। ग्यासुद्दीनपुर महेंद्र नगर में रहने वाले फूलचंद केसरवानी का परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। इस दौरान घर खाली पाकर चोरों ने लाखों का चूना लगा दिया। दीवार फांदकर पोर्टिकों में घुसे चोर दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे और आलामारी का ताला तोड़कर दो लाख रुपये, सोने–चांदी के गहने, मंदिर में रखी चांदी की कटोरी, पीतल की मूर्तियां आदि समेट ले गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। हालांकि पुलिस यह साफ नहीं कर रही है कि गहने कीतनी कीमत के चोरी हुए। पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी में एक शातिर की तस्वीर कैद हुई है। इससे पहले चोरों ने हाईकोर्ट के वकील आजम खान के घर से लाखों का माल पार किया था। अधिवक्ता की मां को हार्ट अटैक आया था। पूरा परिवार उन्हें लेकर वाराणसी मेडिकल कॉलेज में था। इस दौरान खाली घर पाकर बदमाशों ने मेन गेट समेत छह कमरों का ताला तोड़ दिया। छह आलमारी, लॉकर, वॉडरोब, अटैची आदि का ताला तोड़कर रुपये, गहने और कीमती सामान उठा ले गए। रविवार की सुबह पड़ोसियों ने मेन गेट का ताला कटा हुआ देखा तो चोरी का पता चला। खबर पाकर परिवार वाले आनन फानन में वाराणसी से प्रयागराज पहुंच गए। अधिवक्ता आजम खान का मकान खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के लूकरगंज में है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस जांच और पूछताछ कर रही है। पुलिस ने सीसीटीवी भी निकलवाए हैं।



महाकुंभ में श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन, इलाहाबाद संग्रहालय तैयार कर रहा है योजना

प्रयागराज । महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। इलाहाबाद संग्रहालय ने महाकुंभ की भव्यता को नया रूप देने की योजना बनाई है। संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने का फैसला किया है। भारतीय कला व संस्कृति को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित करने के लिए बाकायदा मेला प्रशासन से लगभग 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड भी की गई है। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार महाकुंभ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अमृत टपकता कुंभ श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। महाकुंभ के पौराणिक महत्व को देखते हुए ही इस बार अमृत कलश की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने दुनिया की पहली ऐसी वीथिका का भी निर्माण किया है, जहां सन 1857 से लेकर आजादी मिलने तक सभी प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन किया गया है। जिसमें देश की आजादी के लिए लड़ने वाले गरम दल के लगभग सभी क्रांतिकारियों को प्रदर्शित किया गया है। इलाहाबाद संग्रहालय ने 90 साल की क्रांति को जीवंत रूप दिया है। यहां मंगल पांडे से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक लगभग सभी बड़े आजादी के परवानों के बारे में लोगों को जानने को मिलेगा। डिजिटल और आलेखों से बनी यह दुनिया की पहली वीथिका है, जहां एक साथ इतने क्रांतिकारियों को नमन करने और उनकी खूबियां जानने का अवसर मिलेगा। 1857 से लेकर 1947 तक देश पर न्योछावर एक एक वीर का इतिहास जानकर लोग दंग रह जाएंगे।

छह लाख नए बीएड बेरोजगारों के लिए तीन साल से कोई भर्ती नहीं, 4163 पद पर भर्ती का इंतजार कर रहे युवा

प्रयागराज। प्रदेश में हर साल सरकारी और निजी कॉलेजों से तकरीबन दो लाख बीएड बेरोजगार डिग्री लेकर निकलते हैं। पिछले तीन साल में छह लाख नए बीएड बेरोजगार इन कॉलेजों से निकले हैं। लेकिन, इनके लिए कोई भर्ती नहीं आई। वहीं, पुरानी लंबित भर्ती के लिए आवेदन कर चुके 13.19 लाख अभ्यर्थी परीक्षा तिथि घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं। राजकीय और अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के हजारों पद खाली पड़े हैं। लेकिन, किसी न किसी वजह से इन पदों पर भर्ती अटकी है। कहीं समकक्ष अर्हता स्पष्ट न होने से भर्ती फंसी है तो कहीं पद खाली होने के बावजूद विभाग ने भर्ती के लिए अधियाचन नहीं भेजा है। अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (टीजीटी) एवं प्रवक्ता (पीजीटी) के 4163 पदों पर भर्ती के लिए ढाई साल पहले वर्ष 2022 में विज्ञापन जारी किया गया था। इनमें टीजीटी के 3539 पद हैं, जिनके लिए आठ लाख 69 हजार बीएड अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। वहीं, प्रवक्ता के 624 पदों के लिए 4.50 लाख परास्नातक अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। यह भर्ती उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को पूरी करानी है। लेकिन, अब तक परीक्षा तिथि भी घोषित नहीं की गई। इससे पूर्व वर्ष 2021 में टीजीटी–पीजीटी के 15198 पदों पर भर्ती की गई थी। पिछले तीन वर्षों से कोई नहीं भर्ती नहीं हुई है। जबकि, इस दौरान प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी और पीजीटी के पदों की संख्या बढ़कर 24869 पहुंच गई है। इनमें पीजीटी के 4384 पद और टीजीटी के 20496 पद शामिल हैं। विज्ञापन वर्ष 2022 की भर्ती पूरी होने के बाद टीजीटी के लिए आवेदन करने वाले 8.69 लाख बीएड बेरोजगारों में से केवल 3539 अभ्यर्थियों का चयन ही हो सकेगा और बाकी 8.65 लाख अभ्यर्थी बेरोजगार रह जाएंगे। वहीं, पिछले तीन वर्षों में जिन छह लाख नए अभ्यर्थियों ने बीएड की डिग्री हासिल की है, वे भी अगली भर्ती के लिए दावेदारों की लिस्ट में शामिल हो जाएंगे। नई भर्ती शुरू होने तक बीएड बेरोजगारों की संख्या 15 लाख तक पहुंच जाएगी। पिछले दिनों प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सदन में बयान दिया था कि प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी–पीजीटी के 24869 पद खाली हैं। इनमें पीजीटी के 4384 पद और टीजीटी के 20465 पद खाली हैं। प्रतियोगी छात्र संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विक्की खान का कहना है कि इन रिक्त पदों पर नई भर्ती के लिए शिक्षा सेवा चयन आयोग से लेकर शासन तक कई बार ज्ञापन दिया गया। लेकिन, बीएड बेरोजगारों की कोई सुनवाई नहीं हुई। राजकीय विद्यालयों में भी एलटी ग्रेड शिक्षक के तकरीबन दस हजार पद खाली हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को डेढ़ साल पहले छह हजार पदों पर भर्ती के लिए अधियाचन मिला था। लेकिन, समकक्ष अर्हता स्पष्ट न होने के कारण आयोग ने विभाग को अधियाचन वापस कर दिया था। इसके बाद विभाग ने अधियाचन दोबारा नहीं भेजा। इससे पूर्व वर्ष 2018 में एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती हुई थी। बीएड बेरोजगारों को छह साल से नई भर्ती का इंतजार है।

प्रयागराज में हादसे में युवक की मौत:
कार और बाइक की टक्कर में एक घायल, चौफटका पुल के पास हुआ हादसा

प्रयागराज। प्रयागराज में देर रात कार की जबरदस्त टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। खुल्दाबाद के चौफटका इलाके में 18

वर्षीय गौतम कुमार पुत्र वीरेंद्र की मौत हो गई। वह सुलेमसराय धूमनगंज का रहने वाला था। गौतम के साथ बाइक पर रहा गगन जख्मी हो गया। वह मुबारकपुर कोटवा धूमनगंज का रहने वाला है। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। धूमगंज के जयंतीपुर सुलेमसराय के रहने वाले वीरेंद्र कुमार का सबसे छोटा गौतम रविवार रात अपने दोस्त गगन के साथ बाइक से सिविल लाइंस आ रहा था। चौफटका पुल के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गौतम की मौत हो गई जबकि गगन जख्मी हो गया। उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर निकल भागे।

सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062